उत्तर प्रदेश . निपुण प्रदेश

# निपुण सम्भल

निपुण सम्भल का एक ही सपना

हर बच्चा समझे भाषा और गणना

## पीयर लर्निंग शिक्षक गाइडबुक

# इस गाइडबुक का उद्देश्य क्या है?

इस गाइडबुक का उद्देश्य आपके विद्यालय में पीयर लर्निंग संचालित करने के लिए महत्वपूर्ण चरणों की जानकारी उपलब्ध कराना और साथ ही एक जांच सूची उपलब्ध कराना है ।

# पीयर लर्निंग को कार्यान्वित करने की योजना

1 उच्च कक्षा के निपुण चैंपियन के साथ 4-5 निम्न कक्षा के लर्नर्स के समूह को जोड़ा जाता हैं।



शिक्षक, प्रशिक्षण और सलाह के माध्यम से निपुण चैंपियंस का सहयोग करते हैं।

कक्षा I-III के 4-5 विद्यार्थियों का लर्नर्स समूह बनाना।

# निपुण चैंपियन के चयन करने की प्रक्रिया

- कक्षा में जो विद्यार्थी भाषा और गणित के निपुण लक्ष्य को हासिल कर चुके है, उन्हें निपुण चैंपियन के लिए चयनित करना है।
- जिन विद्यार्थियों मे किंचित मात्र भी नेतृत्व क्षमता हो, संचार कौशल हो और पढ़ाने मे रुचि रखता हो।
- 1 उच्च कक्षा के निपुण चैंपियन के साथ 4-5 निम्न कक्षा के लर्नर्स  समूह को जोड़िए।
- संविलयन (कम्पोजिट) विद्यालयों में कक्षा 6-8  के विद्यार्थियों को भी निपुण चैंपियन चयनित किया जा सकता हैं।

# निपुण चैंपियन के प्रशिक्षण के चरण

- निपुण चैंपियन को प्रतिदिन एक अवधि (40 मिनट) की पीयर लर्निंग कक्षा संचालित करने के बारे में बताये ।
- निपुण चैंपियन को भाषा और गणित के निपुण लक्ष्यो के बारे में बताये।
- निपुण चैंपियन को अपने लर्नर्स समूह को क्या पढाना है, उसके बारे में बताये ।
- निपुण चैंपियन को लर्नर्स समूह के उचित प्रबंधन हेतु सुझाव दें ।
- निपुण चैंपियन को लर्नर्स के साथ घर पर गृह कार्य करवाने और प्रतिदिन अपने साथ स्कूल लाने के लिए प्रेरित करे ।
- निपुण चैंपियंस को अपने लर्नर्स समूह के साथ सामूहिक गतिविधियां करवाने के लिए प्रेरित करें ।
- वह कैसे अपने लर्नर्स समूह को प्रोत्साहित कर सकते हैं, इसके बारे में बताये।

# लर्नर्स समूह के चयन की प्रक्रिया

- प्रत्येक पीयर लर्निंग समूह में 1 निपुण चैंपियन के साथ 4-5 लर्नर्स होने चाहिए।
- यदि संभव हो तो समूह के सभी लर्नर्स एक स्तर के होने चाहिए।
- यदि संभव हो तो जिस गली/मोहल्ला के लर्नर्स है उसी मोहल्ले का निपुण चैंपियन होने चाहिए |
- चैंपियन और लर्नर्स समूह के बीच कम से कम 1 कक्षा का अंतर सुनिश्चित करें।

# निपुण चैंपियन के साथ
## साप्ताहिक बैठक/ विचार विमर्श

**हर सप्ताह चैंपियंस के साथ बैठक करें ओर उन्हें प्रोत्साहित करें।**

**हर सप्ताह बैठक में नीचे दिए गए बिंदुओं पर चर्चा करें :-**



प्रत्येक चैंपियन के समूह की साप्ताहिक प्रगति पर चर्चा करें।



चैंपियंस के साथ अपने कक्षा के अनुभव साझा करे।

# निपुण चैंपियन के साथ
## साप्ताहिक बैठक/ विचार विमर्श



चैंपियंस का परिचय अलग - अलग गतिविधियों से करवाएं जो वह अपने लर्नर्स समूह के साथ कर सकते है।



चैंपियंस की चुनौतियों को सुने ओर उन्हें हल करने में उनकी मदद करें।

# पीयर लर्निंग का संक्षिप्त विवरण

| गतिविधि | समय | आवृत्ति |
|---|---|---|
| निपुण चैम्पियंस का चयन और लर्नर्स समूह का निर्माण | 30 मिनट | एक बार शुरुआत में |
| निपुण चैम्पियन का प्रशिक्षण करवाना | 40 मिनट | एक बार शुरुआत में |
| पीयर लर्निंग | प्रतिदिन 1 अवधि | प्रतिदिन |
| विचार विमर्श | 30 मिनट | मासिक एक बार |
| साप्ताहिक बैठक | 15 मिनट | साप्ताहिक |

# कार्यक्रम के विभिन्न पड़ाव

| पड़ाव | दिनांक | समाप्त |
|---|---|---|
| पीयर लर्निंग के प्रशिक्षण में भाग लें | | |
| शिक्षक गाइडबुक / वीडियो देखे | | |
| निपुण चैम्पियंस और लर्नर्स का चयन | | |
| निपुण चैम्पियंस का प्रशिक्षण | | |
| प्रथम पीयर लर्निंग कक्षा | | |
| निपुण चैम्पियंस के लिए पहला चिंतन सत्र | | |

# निपुण चैम्पियन को अपने लर्नर्स को पढ़ाते समय ध्यान रखने योग्य बातें

## 1.स्पष्ट निर्देश दें

**उदाहरण 1:** नोटबुक में एक रेखा खींचिए।

**उदाहरण 2:** नोटबुक में बायें से दायें की तरफ 1 सेमी. की एक रेखा खींचिए।

पहले उदाहरण में,अस्पष्ट निर्देश होने के कारण सभी लर्नर्स अलग-अलग प्रकार की रेखा खींच सकते हैं।

दूसरे उदाहरण में, हर कोई एक ही तरह से रेखा बनाएगा।

छोटे लर्नर्स को पढ़ाते समय स्पष्ट निर्देश देना महत्वपूर्ण है।

## 2. मैं करता हूं, हम करते हैं, आप करते हैं

- सीखने को अधिक अनुभवात्मक बनाएं, दृश्यों के माध्यम से पढ़ाएं। पढ़ना सिखाते समय वाक्यों को पहले स्वयं पढ़ें।
- दूसरे चरण में, निपुण चैंपियन अपने लर्नर्स के साथ पढ़े।
- फिर लर्नर्स को स्वयं पढ़ने को कहें। इससे उन्हें प्रक्रिया में विश्वास हासिल करने में मदद मिलेगी।

## 3. सकारात्मक सुझाव

- निपुण चैंपियन को लर्नर्स को पढ़ाते समय धैर्य रखने का सुझाव दीजिये।
- यदि लर्नर्स गलतियाँ करें तो निपुण चैंपियंस को उन्हें गलतियाँ सुधारने एवं उन्हें प्रोत्साहित करने को कहिये।
- यदि लर्नर्स किसी प्रकार की बाधाएं उत्पन्न करें तो निपुण चैंपियंस कक्षा अध्यापक को साप्ताहिक बैठक में सूचित करें ।

# ए.आर.पी./शिक्षक संकुल बैठक

- सभी संकुल शिक्षकों व प्रधानाध्यापकों को पीयर लर्निंग के उद्देश्य से अवगत कराएं। (नीचे दिए गए बिंदुओं की मदद लें)
  - निपुण चैंपियन (गली मित्र) के चयन की प्रक्रिया
  - निपुण चैंपियन की तैयारी के चरण
  - पीयर लर्निंग के लिए लर्नर्स समूह का चयन
  - निपुण चैंपियन को कैसे समर्थन दें
- संकुल के सभी शिक्षकों के साथ पीयर लर्निंग के माध्यम से निपुण लक्ष्यों को प्राप्त करने की कार्य योजना साझा करें।
- पीयर लर्निंग से जुडी सफलता की कहानी को दूसरे विद्यालयों के साथ साझा करें।

# शिक्षक संकुल/प्रधानाध्यापक साथियों के लिए अगले कदम

- विद्यालय के हेड टीचर (HT) और सभी शिक्षकों को निपुण लक्ष्यों और पीयर लर्निंग के उद्देश्य से अवगत कराएं।
- विद्यार्थियों के भाषा व गणित के निपुण स्तर व संचार कौशल के आधार पर निपुण चैंपियंस का चयन करें।
- निपुण चैंपियंस को गतिविधियों के माध्यम से पीयर-लर्निंग पर परिचय कराये।
- विद्यालय में पीयर लर्निंग के लिए समय निर्धारित करना सुनिश्चित करें (संदर्शिका के अनुरूप)।
- कक्षा अध्यापक अपने मार्गदशन में ही पीयर लर्निंग कक्षाओं का संचालन करें।

# सफ़लता की कहानी



यह सफलता की कहानी हमारी निपुण चैंपियन, पांचवी कक्षा की प्रिया की है, जो कि बैंगलोर के एक सरकारी स्कूल में निपुण चैंपियन की भूमिका निभाती है। **Involve** ,प्रिया के साथ पिछले दो साल से पीयर लर्निंग कार्यक्रम के माध्यम से जुड़ा है।

प्रिया के ही लर्नर्स ग्रुप में तीसरी कक्षा की सुहाना नाम की एक लर्नर है, जो कि अपनी कक्षा में संख्या ज्ञान में कुछ समय से काफी परेशानी का सामना कर रही थी, बार-बार समझाने पर भी वह संख्याओ को जोड़ने वाले सवाल में कुछ न कुछ गलती कर ही देती थी। प्रिया ने यह सब अनुभव किया और सुहाना को आसान और व्यावहारिक तरीके से पढ़ाना शुरू किया, कभी रेत में अंकों को लिख कर तो कभी उन दोनों को टीचर्स ने पहेलियों के माध्यम से सिखते-सिखाते देखा।

यह सब प्रिया ने क्यों किया? क्योकि उसने अपने लर्नर की परेशानी को समझा, उसके साथ हमदर्दी रखी।

प्रिया एक पांचवी कक्षा की छात्रा यह सब कैसे कर पायी ? अपनी सुझबूझ, अपने पीयर लर्निंग के अनुभव व अच्छी तर्कशक्ति का उपयोग कर प्रिया अपने लर्नर की आवश्यकता को समझ उसकी मदद कर पायी ।










# धन्यवाद!

**पीयर लर्निंग से जुड़ी वीडियो सामग्री के लिए**